बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

## प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने नाबार्ड के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**पुणे, 16 जुलाई, 2021:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने नाबार्ड के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और श्री जी.एस.रावत, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, महाराष्ट्र क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे की उपस्थिति में समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह संस्थागत ऋण और जारी विकास पहल के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि के संवर्धन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है। समझौता-ज्ञापन पर श्री एम. ए. काबरा, महाप्रबंधक, ऋण प्राथमिकता-कृषि, एफआई और एसएलबीसी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और श्रीमती रश्मि दरड, महाप्रबंधक, नाबार्ड, महाराष्ट्र क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के विशिष्ट क्षेत्र में सामान्य हितों को ध्यान में रखते हुए, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और नाबार्ड जारी विकासात्मक पहलों को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे, जिससे महाराष्ट्र राज्य में किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, संयुक्त देयता समूहों, स्व-सहायता समूहों, ग्रामीण कारीगरों, बुनकरों, कृषि-उद्यमियों, कृषि स्टार्ट-अप्स, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों आदि को लाभ होगा।

श्री हेमन्त टम्टा ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य में अग्रणी बैंक होने के नाते बैंक ऑफ महाराष्ट्र 1976 से राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक के रूप में प्रभावी रूप से उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कृषि पर एसएलबीसी की उप-समिति के अध्यक्ष के रूप में नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की भूमिका की भी सराहना की। नाबार्ड कृषि निवेश ऋण /सावधि ऋण उधारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए राज्य में सदस्य बैंकों और एलडीएम का मार्गदर्शन करने के मामले में सक्रिय और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रहा है।

श्री हेमन्त टम्टा ने कहा कि 'इस समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और नाबार्ड साथ मिलकर महाराष्ट्र राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के मामले में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

**निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध**
**प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5**
**टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495**




फोटो कैप्शन:(बाएं से दाएं) श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र; श्री एम .ए. काबरा, महाप्रबंधक, ऋण प्राथमिकता-कृषि, एफआई और एसएलबीसी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र; श्रीमती रश्मि दरड, महाप्रबंधक, नाबार्ड; श्री जी. एस. रावत, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड